माथा पच्ची

रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	बृहस्पतिवार	शुक्रवार	शनिवार
	1	2	3	4	5	6
7	8	9	10	11	12	13
14	15	16	17	18	19	20
21	22	23	24	25	26	27
28	29	30	31			

सोमा ने सोच रखा था कि मई महीने में वो क्या-क्या काम करेगी। जिन तारीखों में ये काम किए जाने हैं उन्हें नीले रंग से दिखाया गया है। किए जाने वाले काम हैं:

- सोमा समरा के घर सप्ताह के अन्त में जाएगी।
- बुधवार को स्कूल में नाटक होगा।
- समरा के घर जाने से पहले वह एक दिन चिड़ियाघर भी जाएगी।
- स्कूल में नाटक होने के दो दिन बाद फुटबॉल का मैच होगा।
- नाटक के दो हफ्ते बाद सोमा का जन्मदिन है।

तुम्हें बताना है कि सोमा किस दिन कौन-सा काम करेगी।

कुछ हटके!!!

एक खगोलशास्त्री, एक भौतिकशास्त्री और एक गणितज्ञ छुट्टियाँ मना रहे थे। एक बार रेल की खिड़की से उन्होंने एक खेत में एक काली भेड़ देखी। खगोलशास्त्री ने कहा, "कितनी मज़ेदार बात है। यहाँ की सभी भेड़ें काली होती हैं।"

भौतिकशास्त्री ने कहा, "नहीं, नहीं। यहाँ की कुछ भेड़ें काली होती है।"

गणितज्ञ टकटकी लगाए भेड़ को देखने के बाद बोला, "इस जगह पर कम से कम एक खेत ऐसा है जिसमें एक ऐसी भेड़ है जो कम से कम एक तरफ से काली है।"

अहा! एक्टिविटीज़ से साभार

पहेलियाँ

अट्ट पाँय पट्ट पाँय
चलत विकट पाँय
तीन मूड़ दस पाँय

आहाँ-आहाँ दुई बाहाँ
पीठी पर पूँछ
यह तमाशा कहाँ

मैं कटूँ, मैं मरूँ
तुम काहे को रोते हो

एक नाम की दो चीज़ें
एक को खाते, एक को पहनते

हमने देखा ऐसा बन्दर
जो उछले पानी के अन्दर

एक खड़ी, एक पड़ी
एक छमा छम नाच रही

चार ड्राईवर, एक सवारी
उसके पीछे जनता सारी

एक वीर
गाना गा के मारे तीर

आड़ा-टेढ़ा रस्ता
बीच में कुआँ

प्रस्तुतिः उमर

पहेलियों के हल: बैलगाड़ी, तराजू, प्याज, लौंग, मेंढक, रोटी, मुर्दा, मच्छर, कान